दैनिक भास्कर
19/09/25

ों ने
या



ने मौके पर
इस दौरान
जेश उइके,
लाश जोठे
जूद रहा। पूरे
ने का और
नहीं करने

# बैंकों ने गांव में केवाईसी के बारे में जानकारी दी

नर्मदापुरम | ग्राम बीसारोड़ा (यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा) और ग्राम मिसरोद (भारतीय स्टेट बैंक द्वारा) में आज ग्रामीण स्तर पर जनसुरक्षा अभियान और पुनः केवाईसी शिविर का आयोजन किया गया। लीड बैंक मैनेजर आर.डी. वाघेला ने बताया कि इस विशेष शिविर का उद्देश्य ग्रामीण नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, और अटल पेंशन योजना के लाभों की जानकारी देना था। साथ ही, उनके बैंक खातों की केवाईसी प्रक्रिया को अद्यतन करना था। ग्रामीणों को योजनाओं में नामांकन और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय बैंक शाखाओं, स्वयं सहायता समूहों, और महिला प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। शिविर के मुख्य अतिथि हेमन्त कुमार सोनी, महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल थे। सोनी ने अपने संबोधन में कहा भारतीय रिजर्व बैंक ग्रामीण जनता के आर्थिक कल्याण और बैंकिंग सुरक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। विशिष्ट अतिथियों में रजत शर्मा , राजकुमार सेन (क्षेत्रीय प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया), रोशनी हाजेला (एलडीओ, आरबीआई), आर.डी. वाघेला (एलडीएम), दीपक पाटिल, और किशोर सिलधारिया सम्मिलित हुए। अतिथियों ने ग्रामीण सहकारी समितियों, आजीविका समूहों, और युवाओं की सक्रियता की सराहना की।